# श्रमिकों तक पहुंचे सरकार की योजनाओं का लाभः कमिश्नर

मुरादाबाद।

मंडलायुक्त आन्जनेय कुमार सिंह की अध्यक्षता में कमिश्नरी सभागार में मण्डल स्तरीय श्रम बन्धु समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में मंडलायुक्त ने सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक श्रमिकों तक पहुँचाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि सरकार औद्योगिक विकास के लिये प्रतिबद्ध है, इसके लिए आवश्यक है कि श्रमिक हितों का ध्यान रखा जाये तथा उद्योगों के विकास के लिये उपयुक्त माहौल तैयार किया जाये। सम्बन्धित विभाग उद्योगों के विकास के लिए सहयोगी के रूप में काम करें। ईपीएफ, ईएसआई, श्रम विभाग एवं अन्य विभागों द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ श्रमिकों को मिले तथा श्रमिकों तक इसकी पहुंच सुनिश्चित हो इसके लिये विभाग पर्याप्त प्रचार-प्रसार करें। मंडलायुक्त ने अपर नगर आयुक्त को निर्देश दिये कि लेबर अड्डों पर काम के लिए आने वाले श्रमिकों को सुविधाएं प्रदान किये जाने के लिए मुरादाबाद में लेबर अड्डों का विकास करें। जहां बैठने की सुविधा हो तथा छाया व स्व'छ पीने का पानी भी उपलब्ध हो। उद्योग संगठनों के प्रतिनिधियों ने मंडलायुक्त के समक्ष उद्योगों की ईपीएफ व ईएसआई से सम्बन्धित समस्याएं रखी, जिसे



तत्काल निराकरण कराने के निर्देश सम्बन्धित विभागों को दिए। श्रमिकों का पक्ष रखते हुए ट्रेड यूनियन प्रतिनिधि ने श्रमिकों को ईएसआई द्वारा दी जाने वाली सुविधाओं का लाभ मिलने में आने वाली समस्याओं जैसे- श्रमिकों का ईलाज की समस्या अधिक बारे में बताया। इन समस्याओं को दूर करने के लिए आयुक्त ने ईएसआई विभाग को निर्देशित किया। उप श्रम आयुक्त ने शासन द्वारा जारी नवीन वेतन दरों के विषय में सभी को अवगत कराया तथा इसे दिनांक 01 अप्रैल 2026 से लागू किये जाने के संबंध में अवगत कराया, जिससे श्रमिकों को न्यूनतम मजदूरी नवीन दरों के अनुसार मिल सके। आयुक्त ने सभी उद्योग संगठनों के प्रतिनिधियों व सेवायोजकों को निर्देश दिये कि शासन द्वारा जारी नवीन वेतन दरों के अनुसार सभी कारखाना स्वामी व सेवायोजक श्रमिकों को वेतन भुगतान करना सुनिश्चित करें। बैठक में आयुक्त ने श्रम विभाग द्वारा संचालित अटल आवासीय विद्यालय के वर्ष 2026 में कक्षा-10 में शीर्ष स्थान प्राप्त 05 विद्यार्थियों- उदय प्रताप 95 प्रतिशत, पार्थ कुमार 92.2 प्रतिशत, कु0 लक्षिता 90.4 प्रतिशत, अंकित 89 प्रतिशत एवं सिद्धान्त 88.2 प्रतिशत को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। बैठक में अपर आयुक्त अरूण कुमार सिंह, उप आयुक्त विकास गजेन्द्र सिंह, अपर नगर आयुक्त मुरादाबाद, उप निदेशक कारखाना, मुरादाबाद, सहायक निदेशक कारखाना मुरादाबाद, कर्मचारी राज्य बीमा निगम से ब्रांच मैनेजर, कर्मचारी भविष्य निधि से प्रवर्तन अधिकारी एवं सम्बन्धित विभागों के मण्डल के सभी जनपदों के समिति के सदस्य, उद्योग संगठनों के प्रतिनिधि तथा ट्रेड यूनियनों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# कुन्डलपुर की तीर्थ यात्रा को 150 श्रद्धालुओं का टीएमयू कैंपस से प्रस्थान



मुरादाबाद।

भगवान महावीर जंयती महोत्सव समिति, मुरादाबाद एवम् मुख्य आयोजक मनीष जैन (गंज), पंकज जैन द्वारा 150 श्रद्धालुओं को मध्य प्रदेश के दमोह में स्थित श्री बड़े बाबा कुन्डलपुर की तीर्थ यात्रा आयोजन किया। इस तीर्थ यात्रा को मुरादाबाद के डीएम डॉ. राजेंद्र पेंसिया ने बतौर मुख्य अतिथि, 'वाइट मजिस्ट्रेट शक्ति दुबे एवम् टीएमयू के कुलाधिपति सुरेश जैन, जीवीसी मनीष जैन, एग्जिक्यूटिव डायरेक्टर अक्षत जैन ने हरी झंडी दिखाकर दिल्ली रेलवे स्टेशन के लिए बसों को रवाना किया। तीर्थ यात्रा बस से दिल्ली रेलवे स्टेशन और वहां से ऊर्जाधानी एक्सप्रेस से दमोह पहुंच कर श्री बड़े बाबा का आशीर्वाद लेगी। श्री 1008 आदिनाथ भगवान बड़े बाबा कुन्डलपुर की प्रतिमा 2,000 वर्ष से भी अधिक प्राचीन है, जिसका नव्य और भव्य निर्माण आचार्यश्री 108 विद्यासागर जी महाराज के सानिध्य में कुछ वर्ष पूर्व कराया गया था। श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी डॉ. राजेंद्र पेंसिया ने कहा, तीर्थ यात्रा के समय धाम यानी तीर्थ स्थान, धामी यानी पू'य भगवान, धामवासी यानी तीर्थ स्थान पर रहने वाले लोगों के प्रति सम्मान का भाव रखना चाहिए। इस मौके पर फर्स्ट लेडी वीना जैन, ऋचा जैन, जाह्नवी जैन, मुरादाबाद जैन समाज के अध्यक्ष अनिल जैन आदि की गरिमामयी मौजूदगी रही। सभी श्रद्धालुओं का ढोल बजाकर और तिलक लगाकर स्वागत किया गया। साथ ही श्रद्धालुओं के अल्पाहार की व्यवस्था एवम् कार्यक्रम का आयोजन तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी के तीर्थंकर महावीर जिनालय समिति की ओर से की गई। यात्रा प्रस्थान के समय संदीप जैन, नीलम जैन, उषा जैन, जयरानी जैन, राजेन्द्र जैन आदि मौजूद रहे।

# 'गुरु की शिक्षा एवं सान्निध्य से ही मनुष्य का उद्धार सम्भव'

## 117 वां भंडारा संपन्न

मुरादाबाद।

स्वामी नारदानन्द ऋषि आश्रम में आज 117 वां भंडारा आज संपन्न हुआ। इस अवसर पर आश्रम के अध्यक्ष एवं प्रखर वक्ता बाबा संजीव आकांक्षी ने कहा कि गुरु का सानिध्य एवं गुरु के द्वारा दी गई शिक्षा, गुरु के दिए गए निर्देश और गुरु की कृपा से ही मनुष्य का उद्धार संभव है। कोई भी साधारण मनुष्य जीवन में उत्तरोत्तर उन्नति करने के लिए एवं अपने भौतिक जीवन को सफल बनाने के लिए यदि गुरु का सानिध्य पकड़ ले और स'चे गुरु की सेवा में लग जाए तो जहां एक ओर वह अपेक्षित सफलताएं प्राप्त करता है वहीं दूसरी ओर उसका आध्यात्मिक मार्ग प्रशस्त होकर जीवन सफल होने लगता है। स्वयं परमात्मा भी मानव जीवन में आकर गुरु का सानिध्य और गुरु की शरण के बिना जीवन में सफल नहीं हो पाए। भगवान कृष्ण को भी संदीपनी गुरु की शरण में जाकर उनके गुरुकुल में रहकर शिक्षा प्राप्त करनी पड़ी, वहीं गुरु के आश्रम में ही उनके परम मित्र सुदामा से उनकी भेंट एवं मित्रता हुई थी। ऐसे ही भगवान राम ने प्रारंभिक शिक्षा अपने कुलगुरु वशिष्ठ जी से प्राप्त करने के बाद शस्त्र और शास्त्र की विद्या गुरु विश्वामित्र से सीखी. दिव्य अस्त्रों का प्रयोग, उनकी साधना और विभिन्न मंत्रों के माध्यम से दिव्य अस्त्रों को प्रकट करने की शक्ति और समर्थ गुरु विश्वामित्र से ही उन्हें प्राप्त हुई। ऐसे दृष्टांतों से यह सिद्ध होता है कि व्यक्ति के जीवन में गुरु का रहना कितना महत्वपूर्ण है. व्यक्ति चाहे कितने भी बड़े पद पर एवं कितना भी धन संपन्न हो जाए गुरु की कृपा के बिना जीवन में उद्धार और कल्याण संभव नहीं है। बाबा संजीव आकांक्षी ने कहा की स्वामी नारदानंद ऋषि आश्रम भी आदि जगदाचार्य की तपोस्थली रहा है। मंगल चिंतन के उपरांत भंडारे का आयोजन हुआ 117 में भंडारे का प्रसाद वितरण में प्रमुख रूप से प्रमोद रस्तोगी, पंकज शर्मा सुरेंद्र सिंह, मोहित अग्रवाल, प्रशांत अग्रवाल, अमित कृष्णात्रेय, राखी शर्मा, प्रेमनाथ यादव, सुरेंद्र सिंह, उषा शर्मा, डॉ मनदीप सिंह, पुरुषोत्तम शर्मा, डॉली शर्मा, अमित कुमार, डॉक्टर सत्यवीर सिंह चौहान, विनय चौधरी आदि उपस्थित रहे।

# एमआईसी में आयोजित हुआ विशेष जागरुकता शिविर






## जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव ने दी जानकारी

फतेहपुर।ज

नपद न्यायाधीय/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण फतेहपुर के निर्देशानुसार मंगलवार को सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पलाश गांगुली द्वारा मुस्लिम इण्टर कालेज फतेहपुर में विशेष जागरूकता शिविर आयोजित किया गया।

सचिव पलाश गांगुली ने कार्यक्रम का शुभारम्भ करते हुए कहा कि आपसी, विवाद को कम करने के लिए संबधित जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा संचालित सुलह समझौता केन्द्र का अधिक से अधिक लाभ उठा सकते है। प्रत्येक तहसील स्तर पर जिला विधिक प्राधिकरण द्वारा पराविधिक स्वयं सेवको की तैनाती आम जनमानस को सुलभ न्याय प्रदान किये जाने हेतु की गई है। पूर्व में सचिव पलाश गांगुली को कालेज के प्रधानाचार्य डा0 रफीक अहमद ने बुके व प्रतीक चिन्ह प्रदान कर स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन पराविधिक स्वयं सेवक शेखर, रामेन्द श्रीवास्तव व अवधेश द्वारा किया। कार्यक्रम में विद्यार्थी एवं स्टाफ मौजूद रहा।

# विकास भवन सभागार में ई-लाटरी के माध्यम से कृषकों का हुआ चयन

निःशुल्क उर्द, मूंग बीज मिनीकिट के साथ प्राप्त होगा संकर धान व ढेचा बीज



फतेहपुर। विकास भवन सभागार में मुख्य विकास अधिकारी पवन कुमार मीना की अध्यक्षता में ई-लाटरी का आयोजन किया गया। वित्तीय वर्ष 2026-27 में खरीफ-2026 के अन्तर्गत निःशुल्क उर्द, मूंग बीज मिनीकिट एवं निर्धारित अनुदान की दर पर संकर धान बीज, ढेचा, बीज प्राप्त करने हेतु ई-लाटरी के माध्यम से कृषकों का चयन हुआ। जिसका मैसेज कृषि निदेशालय द्वारा कृषक के पंजीकृत मोबाइल नम्बर पर प्रेषित कर दिये गये है। चयनित किसानों से अनुरोध किया गया है कि अपने विकास खण्ड में स्थित राजकीय कृषि बीज भण्डार पर आधार कार्ड एवं खतौनी की छायाप्रति लेकर यथाशीघ्र पी0ओ0एस0 मशीन के माध्यम से चयनित बीज प्राप्त कर लें।

# 94.72 लाख की लागत से बनेगा भव्य कल्प सरोवर, एमएलसी डॉ. हरिओम पांडेय ने किया शिलान्यास

अम्बेडकरनगर। नगर पंचायत अशरफपुर किछौछा के वासुदेवनगर वार्ड में सोमवार को नगर पंचायत निधि से 94 लाख 72 हजार रुपये की लागत से निर्मित होने वाले भव्य कल्प सरोवर का शिलान्यास किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एमएलसी डॉ. हरिओम पांडेय एवं नगर पंचायत अध्यक्ष ओमकार गुप्ता ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच भूमि पूजन कर निर्माण कार्य का शुभारंभ किया।



नगर पंचायत द्वारा प्रस्तावित यह कल्प सरोवर वासुदेवनगर वार्ड में क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक के समीप स्थित पक्के पोखरे को विकसित कर तैयार किया जाएगा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि डॉ. हरिओम पांडेय ने कहा कि जहां-जहां ट्रिपल इंजन की सरकार है, वहां निरंतर विकास कार्यों को गति दी जा रही है। उन्होंने कहा कि नगर पंचायत अध्यक्ष ओमकार गुप्ता के नेतृत्व में किछौछा क्षेत्र में लगातार जनहित एवं सौंदर्यीकरण से जुड़े कार्य कराए जा रहे हैं, जिससे नगर पंचायत क्षेत्र को भव्य एवं दिव्य स्वरूप प्रदान किया जा रहा है। नगर पंचायत अध्यक्ष ओमकार गुप्ता ने बताया कि उक्त पोखरे का विकास स्वर्गीय वासुदेव साहू की स्मृति में क्षेत्रीय जनता की मांग पर कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य पूर्ण होने के बाद इसकी भव्यता आकर्षण का केंद्र बनेगी। साथ ही नगर पंचायत द्वारा अवैध कब्जों को हटवाकर जनसरोकार से जुड़े निर्माण कार्यों को प्राथमिकता दी जा रही है। इस अवसर पर अधिशासी अधिकारी संजय जैसवार, वरिष्ठ भाजपा नेता राम प्रकाश यादव, सभासद सुभाष निषाद, रामसागर निषाद, रोशन लाल निषाद, राम आधार यादव राजभर, मया राम, मास्टर प्रदीप कुमार, रुद्र प्रसाद उपाध्याय, महेंद्र जायसवाल, साहिल सोनी सहित बड़ी संख्या में सभासद, नगर पंचायत कर्मी एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

# भारत-नेपाल सीमा पर चिन्हित अवैध कब्ज़ों को हटाने की कार्यवाही में तेजी लाये- डीएम

## अवैध अतिक्रमणकर्ताओं के विरूद्ध होगी कार्रवाई

बहराइच।

भारत-नेपाल अन्तर्राष्ट्रीय सीमा क्षेत्र के 0 से 15 किमी. में सरकारी भूमि एवं नो मेन्स लैन्ड पर अवैध अतिक्रमण हटाये जाने सम्बन्धी कार्यों की समीक्षा हेतु कलेक्ट्रट सभागार में जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न हुई। उप जिलाधिकारी नानपारा द्वारा अवगत गया कि तहसील नानपारा अन्तर्गत नो मैन्स लैण्ड पर 01 अतिक्रमण है, जो कि जीर्ण-शीर्ण मंदिर के रूप में है। उन्होंने बताया कि उक्त मंदिर में प्रतिस्थापित हेतु अन्य मंदिर का निर्माण करा दिया गया है। डीएम ने एसडीएम नानपारा को निर्देश दिया कि एसएसबी एवं अन्य संबंधित ग्रामवासियों से वार्ता करते हुये अग्रिम 15 दिवस में नियमानुसार नो-मेन्स लैण्ड पर स्थित अतिक्रमण को हटवा दिया जाय। बैठक में बताया गया कि भारत-नेपाल अन्तर्राष्ट्रीय सीमा क्षेत्र के 0 से 15 कि.मी. में सरकारी भूमि पर कुल 366 अवैध अतिक्रमण पाये गये, जिसमें से 219 अतिक्रमण को हटा दिया गया। वर्तमान में 147 अवैध अतिक्रमण हटाये जाने हेतु अवशेष है। अवशेष 147 अवैध अतिक्रमण में से 113 पर वाद पंजीकृत है तथा 34 प्रकरण (31-स्थायी व 03 अस्थायी) में वाद पंजीकृत नहीं है। इस सम्बन्ध में एसडीएम व तहसीलदार नानपारा को निर्देश दिया गया कि 31 प्रकरण, जो स्थायी प्रकृति के अवैध अतिक्रमणों में सम्बन्धित अवैध अतिक्रमणकर्ताओं के विरूद्ध नियमानुसार उ.प्र. राजस्व संहिता 2006 में दिये गये प्राविधानों के अन्तर्गत वाद पंजीकृत कराना सुनिश्चित करें। एसडीएम नानपारा ने बताया कि वाद पंजीकृत 113 प्रकरणों में से 56 प्रकरणों में बेदखली का आदेश पारित हो चुका है, 39 प्रकरणों में बाजदायर प्राप्त हुआ है तथा 18 प्रकरण न्यायालय अपर सिविल जज बहराइच पर विचाराधीन है। एसडीएम ने बताया कि 56 प्रकरण जिनमें बेदखली का आदेश पारित हुआ है उनमें से 46 प्रकरण ऐसे है जिनमें प्रभावित व्यक्ति के पास दूसरा मकान नहीं है या भूमिहीन है तथा 09 प्रकरणों में अन्य मकान या भूमि है तथा एक स्थान पर मलंगशाह मजार बनी हुयी है। डीएम द्वारा एसडीएम व तहसीलदार को निर्देश दिया गया कि 46 प्रकरणों, जिनमें प्रभावित व्यक्ति के पास दूसरा मकान नहीं है या भूमिहीन हैं, को चिन्हित करते हुये नियमानुसार आवासीय पट्टा उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित करें तथा अवशेष 10 प्रकरणों में अवैध अतिक्रमण यथाशीघ्र हटाया जाना सुनिश्चित करें। एसडीएम मिहींपुरवा (मोतीपुर) ने बताया कि तहसील मिहींपुरवा (मोतीपुर) क्षेत्रान्तर्गत भारत-नेपाल अन्तर्राष्ट्रीय सीमा क्षेत्र के 0 से 15 कि.मी. में सरकारी भूमि पर कुल 184 अवैध अतिक्रमण पाये गये, जिसमें से 46 अतिक्रमण को हटा दिया गया। वर्तमान में 138 अवैध अतिक्रमण हटाये जाने हेतु अवशेष है।



माननीय प्रधानमंत्री-भारत सरकार, श्री नरेन्द्र मोदी जी
एवं मुख्यमंत्री, श्रीमती रेखा गुप्ता जी



पूर्व केजरीवाल सरकार का कमाऊ पूत

# सिचाई एवं बाढ़ नियंत्रण विभाग के

## ई.ई, ए.ई, कनिष्ठ अभियंताओं द्वारा 11 वर्षो से विकास एवं निर्माण कार्य में बेहद घटिया निर्माण सामग्री व फर्जी बिल लगाकर।

# करोड़ो के घोटाले व भ्रष्टाचार की जांच

## श्रीमान निदेशक, सीबीआई, भारत सरकार से कराई जाएं।

छठ घाटो में टेन्ट, पानी टैंकर, बड़े नालो की साफ-सफाई, बॉउन्ड्रीवाल के फर्जी बिल लगाकरकिए गए करोड़ो के घोटाले और हरे-भरे पेड़ो को काटकर खुलेआम बेचा जा रहा है।

I&FC के श्री अशोक कुमार-(FC-III), ए.सुरेन्द्र कुमार (पीएनडी), अनुराग जैन (CD-I), विवेक चौहान (CD-II), शोभित जैन (CD-III), सोमनाथ कश्यप (CD-IV), बी.बी. नागपाल (CD-V), जे. नरेन्द्र सागर (CD-VI)
प्रदीप नैक (CD-VIII), पुनित डुडेजा (CD-IX), प्रशांत मिश्रा (CD-X), विवेक चौहान (CD-XI), गगन गौड़ (CD-XII), सुधीर कुमार आर्य (S.W-1 & CD-XIII), शिव कुमार (CD-XIV), जे. नरेन्द्र सागर (CD-XV)
एई, जे.ई ने ठेकेदारों की मिलीभगत से दिल्ली के विधानसभा क्षेत्रों के विकास एवं निर्माण कार्य में घटिया निर्माण सामग्री और फर्जी बिल बनाकर कर रहे है अपना समाजवाद दूर!

# भ्रष्टाचारियों व कमिशन खोरो का अड्डा बना

## श्री सुधीर कुमार आर्य, ई.ई, सतर्कता कार्यालय: बसई दारापुर?

निवेदक: अपराध एवं भ्रष्टाचार निरोधक मोर्चा (विज्ञापन)